भारतीय महिलाओं ने जिम्बाब्वे का किया सफाया



वडोदरा। बायें हाथ की युवा स्पिनर वैष्णवी शर्मा (39 रन पर पांच विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 59) और शेफाली वर्मा (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां तीसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने 132 रन का लक्ष्य महज 17 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। वैष्णवी की फिरकी के सामने जिम्बाब्वे की टीम 39.5 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। अपने तीसरे वनडे में खेल रहीं 20 वर्षीय वैष्णवी ने 10 ओवर में 39 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्होंने दूसरे वनडे में भी चार विकेट हासिल किए थे लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रतिका ने 56 गेंद में नाबाद 59 रन बनाए, जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा ने आक्रामक अंदाज में 26 गेंद में नाबाद 51 रन बनाकर भारत को आसान जीत दिलाई। कप्तान स्मृति मंधाना ने प्रतिका के साथ यास्तिका भाटिया को पारी का आगाज करने भेजा, लेकिन बाएं हाथ की बल्लेबाज इस मौके का फायदा नहीं उठा सकीं। वह अपनी पहली ही गेंद पर आड़े बल्ले से शॉट खेलने के प्रयास में मिड-ऑन पर कैच दे बैठीं। पहले दो मुकाबलों में 100 और 61 रन बनाने वाली प्रतिका ने इस मैच में भी जिम्बाब्वे के गेंदबाजों के खिलाफ सहज बल्लेबाजी की। उन्होंने विकेट के दोनों ओर चौके लगाकर पारी की शुरुआत की और अपने 30वें वनडे में 10वां अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद शेफाली ने क्रीज पर आते ही तेजी से रन बनाने शुरू कर दिए। उन्होंने चौकों की झड़ी लगाकर लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया और प्रतिका के साथ मिलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहली द्विपक्षीय श्रृंखला थी। इससे पहले भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला भी 3-0 से अपने नाम की थी। जिम्बाब्वे की टीम को हालांकि महिला क्रिकेट की शीर्ष टीमों में शामिल भारत के खिलाफ खेलने का अहम अनुभव मिला। बीस वर्षीय वैष्णवी ने गेंद को हवा में लहराने से परहेज नहीं किया और उनकी इस रणनीति में जिम्बाब्वे की बल्लेबाज लगातार फंसती चली गईं। मेहमान टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिक्रा ने 48 गेंदों में 37 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। भारत दौरे पर लगातार बल्लेबाजी में संघर्ष कर रही जिम्बाब्वे की टीम की मुश्किलें शुरुआती ओवरों में ही बढ़ गईं। उसके बल्लेबाजों ने गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेलकर आसानी से अपने विकेट गंवाए। तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने अपने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज लोरिन फिरी को विकेट के पीछे यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। क्रांति गौड़ की गेंद पर कट लगाने की कोशिश में उन्होंने प्वाइंट पर खड़ी शेफाली वर्मा को कैच थमा दिया। इसके बाद वैष्णवी ने अपनी फिरकी का जादू चलाया। उन्होंने पहले बिलव्ड बीजा को आउट किया और फिर शानदार फॉर्म में चल रहीं मुपाचिक्रा को अपनी चतुराई से चकमा दिया। मुपाचिक्रा के क्रीज से बाहर निकलकर खेलने के इरादे को भांपते हुए वैष्णवी ने गेंद को ऑफ स्टंप से काफी बाहर फ्लाइट कराया। बल्लेबाज गेंद तक नहीं पहुंच सकीं और विकेटकीपर यास्तिका ने उन्हें स्टंप कर दिया। वैष्णवी का पांचवां और आखिरी विकेट उनके स्पेल की अंतिम गेंद पर आया। न्याशा ग्वानजुरा ने बड़ा स्लॉग स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद पैड से टकराकर स्टंप्स पर जा लगी। वैष्णवी के शानदार प्रदर्शन के अलावा क्रांति गौड़ और सयाली सतघरे ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम ने इस मुकाबले के लिए अपनी अंतिम एकादश में तीन बदलाव किए। हरलीन देओल, यास्तिका और क्रांति को टीम में शामिल किया गया। तेज गेंदबाज क्रांति को दूसरे वनडे में आराम दिया गया था। वनडे से पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को भी भारत ने 3-0 से जीता था।



भारत और श्रीलंका में होगी भिड़न्त

अहमदाबाद। युगांडा की महिला टीम ने बुधवार को यहां पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में नाइजीरिया को 65-22 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ युगांडा का सेमीफाइनल में ग्रुप बी की शीर्ष टीम कीनिया से मुकाबला तय हो गया है। ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल करने वाला मेजबान भारत दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगा ग्रुप में दूसरा स्थान पक्का करने के लिए युगांडा को जीत की जरूरत थी और उसे आसानी से नाइजीरिया को हरा दिया। युगांडा की टीम ने मध्यांतर तक 35-12 की बढ़त बना ली थी। नालवोगा नाहिया और नालुबेगा ओलिविया ने युगांडा की जीत में अहम भूमिका निभाई। नाहिया ने 22 जबकि ओलिविया ने 11 अंक जुटाए। दिन के पहले मुकाबले में बांग्लादेश की महिला टीम ने श्राबोनी मोलिक के 27 और बृष्टि बिस्वास के 12 अंक की मदद से इंग्लैंड को एकतरफा मुकाबले में 79-13 से हराया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण का अंत दो जीत और दो हार के साथ किया।

पहली बार 53 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगी चानू



निंगबो (चीन)। दिग्गज मीराबाई चानू 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए बृहस्पतिवार से शुरू हो रही विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पहली बार 53 किलोग्राम भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगी तो वहीं भारतीय दल के अन्य भारोत्तोलक अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेंगे तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई 48 या 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करती रहीं है। ओलंपिक में महिलाओं के लिए 53 किलोग्राम सबसे कम वजन वाला वर्ग होगा। मीराबाई ने अब तक 53 किलोग्राम भार वर्ग में किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उन्होंने 2022 में हालांकि 55 किलोग्राम वर्ग की एक प्रतियोगिता में भाग लिया था। एशियाई खेलों में लंबे इंतजार के बाद रजत पदक जीतकर लौटीं 32 वर्षीय मीराबाई के लिए यह विश्व चैंपियनशिप पदक की दौड़ में बने रहने से ज्यादा नये भार वर्ग में अपनी क्षमता परखने का अवसर होगी। विश्व चैंपियनशिप में उन्हें 200 किलोग्राम के प्रवेश कुल वजन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जो उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ कुल वजन से पांच किलोग्राम कम है। भारतीय टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने कहा, हम यहां 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा के स्तर को समझने के उद्देश्य से आए हैं। यह एक नया भार वर्ग है और इसमें पदक की दौड़ में शामिल होने के लिए मीराबाई को निश्चित रूप से अपने मौजूदा प्रदर्शन से काफी अधिक वजन उठाना होगा उन्होंने कहा, यह ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की सिर्फ शुरुआत है। हमारे पास आगे की रणनीति बनाने और उसके मुताबिक तैयारी करने का समय है। विश्व चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को उनके घोषित प्रवेश कुल के आधार पर अलग-अलग ग्रुप में रखा जाता है। प्रवेश कुल स्नैच और क्लीन एवं जर्क में उठाए जाने वाले कुल वजन का अनुमान होता है। ग्रुप ए में सबसे अधिक प्रवेश कुल वाले भारोत्तोलक होते हैं, जबकि ग्रुप बी, सी और डी में क्रमशः कम प्रवेश कुल वाले खिलाड़ी शामिल किए जाते हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ बांग्लादेश की मजबूत शुरुआत

ढाका। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन बुधवार को बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज शदमन इस्लाम खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त होने से शतक से एक रन दूर रह गए। शदमन ने 10 चौकों की मदद से नाबाद 99 रन बनाए, जिससे बांग्लादेश ने पहली पारी में तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चोट से उबरकर वापसी कर रहे लिटन दास 10 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिसे शादमान ने अपनी धैर्यपूर्ण पारी से सही साबित किया। नयी गेंद से गेंदबाजी कर रहे जेडन सील्स और शमर जोसेफ ने सटीक लाइन-लेंथ से बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। सील्स ने तंजीद हसन (सात) को दूसरी स्लिप में कैच कराकर बांग्लादेश को पहला झटका दिया।

चीन के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत



जालंधर। खिताब का बचाव करने के अपने अभियान का शानदार शुरुआत करने वाली पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) ने अपने दूसरे राउंड-रॉबिन मैच में चीन के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी एशियाई खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 13-0 से बड़ी जीत हासिल की और वह आत्मविश्वास से भरी हुई है। पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया गया। यह एकतरफा मैच था जिसमें अधिकतर समय गेंद बांग्लादेश के पाले में ही घूमती रही। बांग्लादेश भले ही मजबूत टीम नहीं हो लेकिन भारत के लिए उत्साहजनक पहलू रहा कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने मैदानी और पेनल्टी कॉर्नर दोनों से गोल किए। मंगलवार को खेले गए मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ मैदानी गोल और पेनल्टी कॉर्नर पर पांच गोल दागे। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने फॉर्म में वापसी की और हैट्रिक बनाकर आगे भी टीम में बने रहने के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया क्योंकि रिपोर्टों के अनुसार उन्हें तथा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और नीलाकांता शर्मा को इस टूर्नामेंट के बाद टीम से बाहर किया जाएगा। जहां नीलाकांता ने मंगलवार को घोषणा की कि यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा, वहीं मनदीप और जरमनप्रीत खेलना जारी रखना चाहते हैं। मनदीप के अलावा कप्तान हरमनप्रीत, दिलप्रीत सिंह और उप कप्तान हार्दिक सिंह ने दो-दो गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा, नीलाकांता और जुगराज सिंह ने भी एक-एक गोल दागा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन मनदीप के प्रदर्शन से खुश थे उन्होंने कहा, ''उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उसने अच्छी दौड़ लगाई तथा वह फुर्तीला और चुस्त था जो महत्वपूर्ण था।'' फुल्टन के लिए हालांकि छोर बदलने के बाद तीसरे क्वार्टर में टीम का प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''हम तेज शुरुआत चाहते थे, जो हमें पहले क्वार्टर में मिली। लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। यह अभी भी एक समस्या है। लेकिन मुझे खुशी है कि हमने अंत में अच्छा प्रदर्शन किया।

अभिषेक टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर



दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी की नवीनतम टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा मुकाम हासिल किया है। वह अपने हमवतन ईशान किशन को पीछे छोड़कर दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में शतक जड़ने के एक दिन बाद अभिषेक को यह उपलब्धि मिली अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सिर्फ 38 गेंदों पर 113 रन की तूफानी पारी खेली थी। यह इस प्रारूप में उनका चौथा शतक था। उनकी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने मुकाबला छह विकेट से जीता। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में अभिषेक 897 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के टी-20 कप्तान साहिबजादा फरहान 883 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि ईशान किशन 866 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। चोट के कारण ईशान न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के दूसरे और तीसरे मुकाबले में नहीं खेल सके थे। इससे पहले उन्होंने जुलाई में आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके अभिषेक को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर भी रैंकिंग में पांच स्थान नीचे आ गए हैं। वह 758 अंकों के साथ नौवें नंबर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट क्रिकेट में भी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर और टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑलराउंडर रैंकिंग में भारत के रविंद्र जडेजा और गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा है।

वनडे श्रृंखला से बाहर हुए प्रसिद्ध

नयी दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण चार नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं। एक नवंबर और दो नवंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में उनका मैच सिमुलेशन (मैच की तरह परिस्थितियां तैयार करना) और फिटनेस टेस्ट होना है।

जैस्मिन-अरुंधति करेंगी भारत की अगुआई



नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जैस्मिन (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) 28 अक्टूबर से दो नवंबर तक फिनलैंड के टाम्परे में होने वाले 46वें अंतरराष्ट्रीय टैमर मुक्केबाजी टूर्नामेंट में 14 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने और मजबूत विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा। इसमें ओलंपिक भार वर्गों में देश की तीसरी वरीयता वाले मुक्केबाजों के साथ उन ओलंपिक भार वर्गों के शीर्ष मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे जो एशियाई खेलों के कार्यक्रम में शामिल नहीं हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''टैमर टूर्नामेंट हमारे मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने और मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का महत्वपूर्ण अवसर देता है। हमारा ध्यान ओलंपिक भार वर्गों में टीम की गहराई बढ़ाने और अधिक भारतीय मुक्केबाजों को शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए जरूरी अनुभव दिलाने पर है। ऐसे टूर्नामेंट इस प्रक्रिया का अहम हिस्सा हैं। इस पहल का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव रखने वाले मुक्केबाजों का दायरा बढ़ाना और देश के प्रमुख मुक्केबाजों को विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता परखने का मौका देना है। यह प्रतियोगिता 1977 से हर साल आयोजित की जा रही है और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कैलेंडर का एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। प्रतियोगिता के मुकाबले 30 अक्टूबर से एक नवंबर तक होंगे।

यूपी वॉरियर्स ने मोलिन्यू और स्नेह राणा को टीम से जोड़ा

कोच्चि। विमेंस प्रीमियर लीग के पांचवें सीजन के ऑक्शन में 25 प्लेयर्स को खरीदा गया। इसमें 18 भारतीय और 7 विदेशी रहीं। ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यूक्स को यूपी वॉरियर्स ने सबसे ज्यादा 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा। भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा 30 लाख रुपए में यूपी की टीम में शामिल हुईं। कोच्चि में हो रहे ऑक्शन में किरण नवगिरे को दिल्ली कैपिटल्स ने 75 लाख और जी कमलिनी को गुजरात जायंट्स ने 40 लाख रुपए में खरीदा। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू अनसोल्ड रहीं। यूपी वॉरियर्स ने बुधवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिन्यू को 1.1 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। फ्रेंचाइजी ने भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा को भी 30 लाख रुपये में खरीदा पिछले सत्र में टीम के पास विशेषज्ञ विकेटकीपर नहीं था।

पहलवान नीलम हारी, रजत पदक मिला



अस्ताना। भारतीय पहलवान नीलम सिरोही को बुधवार को यहां विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 50 किग्रा फाइनल में जापान की दिग्गज युई सुसाकी से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही वह अंशु मलिक के बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गईं सुसाकी ने अपने शानदार अभियान के दौरान एक भी अंक नहीं गंवाया और पहले पीरियड के समाप्त होने से ठीक पहले 26 वर्षीय नीलम को चित करके अपना पांचवां विश्व खिताब जीता। तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता सुसाकी कुश्ती की सबसे सफल पहलवानों में से एक हैं। हालांकि 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत की विनेश फोगाट के हाथों मिली हार उनके दबदबे वाले करियर के दौरान एक झटका रही थी। नीलम के इस प्रदर्शन को भारतीय महिला कुश्ती के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अंशु मलिक ने 2021 में ओस्लो में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। नीलम ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान की जेनेप बायानोवा को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इसके साथ ही वह पहली बार एक ही विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के मुकाबलों में पहुंचने वाली दो भारतीय महिला पहलवानों में शामिल हो गईं। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल ढोचक ने भी 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई है। वह बुधवार को ही विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने की कोशिश करेंगी।

लखनऊ सेमीफाइनल अमन-अमरचन्द चमके



(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। शिक्षा विभाग के तत्वाधान में कानपुर में आयोजित स्टेट स्कूली क्रिकेट चैंपियनशिप के मुकाबले में लखनऊ मंडल की अंडर-19 सीके नायडू टीम और वीनू मांकड अंडर 17 टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। कानपुर में डी ए वी मैदान पर आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में लखनऊ मंडल ने पहले मुकाबले में आजमगढ़ को 10 रन से पराजित कर प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया उसके बाद साथ सहारनपुर मंडल को 26 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई प्रीक्वार्टर फाइनल मुकाबले में लखनऊ मंडल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 96 रन बनाएं मैन ऑफ द मैच अमन अंसारी ने बल्लेबाजी में 11 रन बनाए औरगेंदबाजी में दो विकेट लिया ,जबकि कृष्ण शर्मा ने 31 अमर ने 19 तथा आशुतोष गौतम ने 15 रन बनाए । जवाब में आजमगढ़ 86 रनों पर सिमट गई टीम की ओर से आयुष्मान ने 22 वह अभिषेक ने 25 रन बनाए। लखनऊ की ओर से अमन अंसारी और देवांश ने दो-दो विकेट लिया । क्वार्टर फाइनल मुकाबले में खेलेंगे मैच में लखनऊ मंडल ने सहारनपुर को 26 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने निर्धारित 15 ओवर में 141 रन बनाएं प्लेयर ऑफ द मैच अमरचंद ने 88 तथा अमन अंसारी ने 20 रन बनाए ।जवाब में सहारनपुर 115 रनों पर सिमट गई देवांश और मयंक ने दो-दो विकेट लिया।

यश ताइक्वाण्डो अकादमी के खिलाड़ी सम्मानित

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। यश ताइक्वाण्डो अकादमी की ओर से बुधवार को रासी अपार्टमेंट परिसर में कलर बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कलर बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अकादमी के 18 खिलाड़ियों को नई कलर बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के सचिव तथा यश ताइक्वाण्डो अकादमी के अध्यक्ष राज कुमार और अकादमी के सचिव हिम प्रीत सिंह ने खिलाड़ियों को बेल्ट पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर राज कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ताइक्वाण्डो अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास सिखाने के साथ आत्मरक्षा में भी मदद करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अकादमी और देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में अभिभावकों और सहायक कोच गौरव रतन बरनवाल, मयांशु गौतम, गार्गी कृष्णा, अंशुमान साहू तथा खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

आरव, वंशराज और फैज अंतिम चार में

(आज खेल समाचार सेवा)

लखनऊ। पांचवीं वरीय उत्तर प्रदेश के आरव भास्कर ने ब्रज मोहन लाल तिवारी मेमोरियल आइटा चैंपियनशिप सीरीज अंडर-18 टेनिस टूर्नामेंट के एकल क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय प्रदेश के ही विराट सिंह को 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। एकल के अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीय वंशराज जलोटा, दूसरी वरीय फैज किदवई और तीसरी वरीय अनुरुद्ध ने भी अपने-अपने मैच जीतकर अंतिम चार में जगह बनाई। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में टीवीएस द्वारा प्रायोजित टूर्नामेंट में बुधवार को एकल में क्वार्टर फाइनल व युगल में सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। युगल सेमीफाइनल में चौथी वरीय विराट सिंह व ध्रुव सिंह की जोड़ी ने उलटफेर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। इस जोड़ी की खिताबी मुकाबले में दूसरी वरीय आरव भास्कर व अनुरुद्ध कुमार की जोड़ी से भिड़ंत होगी। एकल क्वार्टर फाइनल में आरव ने विराट के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। विराट ने उन्हें चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन आरव ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाते हुए सीधे सेटों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय फैज किदवई ने आर्यज पांडेय को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी। वहीं शीर्ष वरीय यूपी के वंशराज जलोटा ने यूपी के मोहम्मद आरिज को 7-5, 6-2 से हराया। वंशराज को पहले सेट में कड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने बेहतरीन शॉट खेलते हुए पहला सेट अपने नाम करने के बाद दूसरे सेट में भी बाजी मारकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। चौथे क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीय अनुरुद्ध ने आर्य सिंह को 6-2, 6-2 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। अनुरुद्ध ने सटीक सर्विस और निरंतर अच्छे खेल की बदौलत सीधे सेटों में जीत दर्ज की। पुरुष युगल के पहले सेमीफाइनल में चौथी वरीय विराट सिंह व ध्रुव सिंह ने शीर्ष वरीय फैज किदवई व वंशराज जलोटा को 2-6, 6-4, 10-3 से हराकर उलटफेर किया।

